(ख) निर्माण, आवास तथा नगर विकास विभाग के द्वारा की गयी व्यवस्था के अन्तर्गत अनुमोदित सामाजिक आवास योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए जीवन बीमा निगम राज्य सरकारों को ऋण देता है। राज्य सरकारों को ऋण का नियतन इस विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है किन्तु निगम के साथ ऋण के लिए अनुबन्ध संबंधित राज्य सरकारें सीधे करती हैं। ऋण को नियंत्रित करने की शर्तें, जो कि समय समय पर बदलती रहती हैं, अनुबंध में होती हैं। निगम के द्वारा 1968-69 के दौरान दिये गये ऋण की प्रमुख शर्तें निम्नांकित हैं :

(i) ऋण जीवन बीमा निगम को बम्बई में, पच्चीस समान वार्षिक किस्तों में वापस करना होगा, प्रथम किस्त ऋण को दिये जाने की तारीख से एक वर्ष समाप्त होने पर देय होगी।

(ii) समय समय पर देय राशि पर 6½ प्रतिशत (साढ़े छः प्रतिशत) की दर से ब्याज अर्ध-वार्षिक तौर पर अदा करना होगा; प्रथम किस्त का भुगतान ऋण देने की तारीख से छः माह की समाप्ति पर देय होगा।

(ग) और (घ). 1967-68 के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण ने निगम से 1.00 करोड़ रुपये का ऋण मकानों के निर्माण के लिए मांगा था तथा वह उन्हें दे दिया गया था। 1968-69 के दौरान, फिर दिल्ली प्रशासन की सिफारिशों के आधार पर, प्राधिकरण की 4.00 करोड़ रुपये की मांग के स्थान पर जीवन बीमा निगम निधि का 1 करोड़ रुपये के ऋण का नियतन इस विभाग के द्वारा किया गया था।

**Dental Colleges**

8370. SHRI GEORGE FERNANDES : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING AND WORKS, HOUSING AND URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the total number of dentists in the country at the end of last year;

(b) the number of dentists graduating from the medical colleges every year;

(c) whether Government propose to provide facilities to increase the number of dental colleges; and

(d) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING; AND WORKS, HOUSING AND URBAN DEVELOPMENT (SHRI B. S. MURTHY) : (a) The total number of dentists in the country excluding Madhya Pradesh, Nagaland, Pondicherry and Rajasthan where registration of Dentists has not been completed was 4964 on 1.4.1968.

(b) The number of persons graduating in dentistry varies from year to year. The number of such graduates during the period 1963—67 was as below :-

| | | |
|---|---|---|
| 1963 | —— | 199 |
| 1964 | —— | 252 |
| 1965 | —— | 283 |
| 1966 | —— | 307 |
| 1967 | —— | 321 |

(c) and (d). There is no proposal to open any new Dental College in the Fourth Five Year Plan.

**हज यात्रियों द्वारा लाई गई वस्तुयें**

8371. **श्री भारत सिंह चौहान :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हज यात्रियों द्वारा वापिस लौटते समय लाई गई वस्तुओं की सूची सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा पड़ताल चौकी पर रखी जाती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में हज यात्रियों द्वारा विदेशों से कितनी 'डायना' बन्दूकें लाई गई; और

(ग) उक्त अवधि में हज यात्री विदेशों से कितने ट्रांजिस्टर और घड़ियां लाये ?

**उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)**: (क) जी नहीं, क्योंकि सभी यात्रियों के जिनमें हज यात्री भी शामिल हैं, असवाब की निकासी साधारणतया सीमा-शुल्क अधिकारियों के समक्ष की गयी मौखिक घोषणाओं के आधार पर की जाती है।

(ख) और (ग). उपर्युक्त (क) को देखते हुए ये सवाल नहीं उठते।

**मेसर्स डोडसाल (प्राइवेट) लिमिटेड**

8372. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री जुगल मण्डल :**

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मन्त्री 2 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2819 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स डोडसाल प्राइवेट लिमिटेड को दिये गये ठेकों के बारे में जानकारी एकत्रित कर ली गई है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)**: (क) और (ख). केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के विभिन्न ज़ोनों के मुख्य इन्जीनियरों से पूछ-ताछ की गयी थी। यह प्रतीत होता है कि मैसर्स डोडसाल प्राईवेट लिमिटेड ने 1963 से अब तक केन्द्रीय लोक निर्माण के लिए कोई निर्माण कार्य नहीं किया है।

जहाँ तक व्यक्तिगत तथा राज्य-सरकारों से सूचना एकत्रित करने का सम्बन्ध है, उसमें जितना समय और परिश्रम लगेगा उसके अनुरूप फल नहीं मिलेगा ?

**LIC Loans to Orissa**

8373. SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the Life Insurance Corporation has advanced loans in Orissa for construction of houses;

(b) if so, the total loan advanced by the Life Insurance Corporation in Orissa for this purpose so far; and

(c) the amount of loan advanced by the Life Insurance Corporation in Orissa as industrial loans so far ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) Yes, Sir.

(b) Total amount of loans sanctioned by the Corporation in the State of Orissa is Rs. 835.70 lakhs.

(c) Nil.

**Problems of Rural Water Supply for Irrigation Purposes**

8374. SHRI B. K. DASCHOWDHURY : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state :

(a) whether Government are considering a plan of having a single agency, both at the Centre and in the States, to deal with problems of rural water supply for irrigation purposes; and

(b) if so, whether any decision has been taken in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) No such proposal is under consideration of the Government of India.

(b) Does not arise.